राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने जस्टिस श्री कुरैशी को राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई

जयपुर, 12 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने मंगलवार को अपरान्ह यहां राजभवन में जस्टिस श्री अकील अब्दुलहामिद कुरैशी को राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। जस्टिस श्री कुरैशी राजस्थान उच्च न्यायालय के 38वें मुख्य न्यायाधीश हैं।

समारोह के प्रारम्भ में मुख्य सचिव श्री निरंजन आर्य ने जस्टिस श्री कुरैशी को शपथ दिलवाने का आग्रह किया। समारोह में मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, विधानसभा अध्यक्ष श्री सी.पी. जोशी, मंत्रिमण्डल के सदस्यगण, जनप्रतिनिधिगण, राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीशगण, अधिकारीगण, अधिवक्तागण एवं जस्टिस श्री कुरैशी के परिजन उपस्थित रहे।

————